## जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत जनपद महराजगंज की ग्रामीण पेयजल योजनाओं की स्वीकृति हेतु 12.04.2022 को जिलाधिकारी महराजगंज/अध्यक्ष DWSM की अध्यक्षता में सम्पन्न जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक का कार्यवृत्त

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद महराजगंज ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति हेतु चयनित फर्म मैं0 जे.एम.सी.प्रोजेक्ट एवं एल.सी.ई.एस.पी.एस. (जे.वी.) 6वां तल, कलपतरू सेनर्जी ग्राण्ड हांयात होटल के सामने, सान्ताक्रूज (ईस्ट), मुम्बई द्वारा प्रस्तुत 26 नग डी0पी0आर के तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृत हेतु अनुमोदन का प्रस्तावः–

जनपद महराजगंज के ग्रामीण क्षेत्रों में पाइप पेयजल योजना के निर्माण एवं संचालन/अनुरक्षण (10 वर्ष) हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, उत्तर प्रदेश द्वारा अपने पत्र संख्या–2134/W–22/NIT/2020–21 दिनांक 13.01.2021 के माध्यम से मैं0 जे.एम.सी.प्रोजेक्ट एवं एल.सी.ई.एस.पी.एस.(जे.वी.) 6वां तल, कलपतरू सेनर्जी ग्राण्ड हांयात होटल के सामने, सान्ताक्रूज (ईस्ट), मुम्बई को 446 राजस्व ग्राम आवंटित किये गये है।

उक्त के सम्बन्ध में जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा पत्रांक 245/कार्य–114/29 दिनांक 27.03.2021 के माध्यम से 249 राजस्व ग्रामों तथा पत्रांक 278/कार्य–114/42 दिनांक 08.04.2021 द्वारा 197 राजस्व ग्रामों अर्थात कुल 446 राजस्व ग्रामों की सूची उपलब्ध कराते हुए तत्काल डी0पी0आर0 तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के अनुपालन में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा अनुमोदित कराये गये 7 नग डी0पी0आर0 पत्र संख्या 390/कार्य–114/60 दिनांक 05.06.2021, 83 नग डी0पी0आर0 पत्र संख्या 643/कार्य–161/63 दिनांक 13.08.2021, 105 नग डी0पी0आर0 पत्र संख्या 913/कार्य–161/101 दिनांक 21.10.2021 एवं 48 नग डी0पी0आर0 पत्र संख्या 18/कार्य–161/01 दिनांक 06.01..2022 द्वारा राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को प्रेषित किये जा चुकें है।

पुनः मैं0 जे.एम.सी.प्रोजेक्ट एवं एल.सी.ई.एस.पी.एस. (जे.वी.) 6वां तल, कलपतरू सेनर्जी ग्राण्ड हांयात होटल के सामने, सान्ताक्रूज (ईस्ट), मुम्बई द्वारा 26 नग डी0पी0आर0 प्रस्तुत किये गये है जिसमें 33 ग्राम पंचायतों के 43 राजस्व ग्रामों की कुल 130 बस्तियों को पाइप पेयजल योजना से आच्छादित करते हुए कुल 16512 घरो को FHTC प्रदान किया जाना है।

उक्त के अतिरिक्त जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–3 के अन्तर्गत जनपद महराजगंज के ग्रामीण क्षेत्रों में 652 ग्रामों में पेयजल आपूर्ति हेतु फर्म मैं0 रिथविक कोया (जे.वी.) प्लाट नं0– 37-39 नवोदया कालोनी, रोड नं0–2, बंजारा हिल हैदराबाद, तेलंगाना को चयनित किया गया है। जिस हेतु प्रथम चरण में 651 ग्रामों की सूची अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव द्वारा अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया। साथ ही मेसर्स जे.एम.सी.प्रोजेक्ट एवं एल.सी.ई.एस.पी.एस. (जे.वी) को उपलब्ध करायी गयी 446 ग्रामों की सूची में से नगर पंचायत/नगर पालिका परिषद में सम्मिलित व गैराबाद ग्रामों के स्थान पर 26 नये ग्रामों की सूची भी अनुमोदन हेतु प्रस्तुत की गयी है।

बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)/सदस्य सचिव जिला पेयजल स्वच्छता मिशन समिति द्वारा अवगत कराया गया कि प्रस्तुत किये गये 26 नग डी0पी0आर0 के सापेक्ष 22 नग डी0पी0आर0 सौलर आधरित एवं 11 नग डी0पी0आर0 विद्युत आधारित है। शासनादेश संख्या 53/2021/2774/छिहत्तर–1–2021 दिनांक 05 अक्टूबर 2021(छाया प्रति संलग्न) यथा संशोधित व्यवस्था के अनुसार उक्त समस्त डी0पी0आर0 में प्रति व्यक्ति लागत रू0 6000.00 से कम है। इसी प्रकार अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के कार्यालय ज्ञाप संख्या 344/W-17/2020-21 दिनांक 04जून,2021 (छाया प्रति संलग्न) के अनुसार विद्युत से संचालित नलकूप के प्रकरण में 16 घंटे Pumping Hours मानते हुये डी0पी0आर0 का विरचन किया गया है। उक्त समस्त डी0पी0आर0 में कार्यालय ज्ञाप संख्या 1499/E-46/2021 दिनांक 12 फरवरी, 2021 (छाया प्रति संलग्न) के अनुसार DI/ HDPE Pipe का प्राविधान किया गया है। अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त डी0पी0आर0 में लगायी गयी दरें जल निगम की अन्तिम SOR(2019-20) की दरों से 10-20 % तक अधिक है। उक्त के अतिरिक्त अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–3 के अन्तर्गत जनपद महराजगंज के ग्रामीण क्षेत्रों में 652 ग्रामों में पेयजल आपूर्ति हेतु फर्म मैं0 रिथविक कोया (जे.वी.) प्लाट नं0– 37-39 नवोदया कालोनी, रोड नं0–2, बंजारा हिल हैदराबाद, तेलंगाना को चयनित किया गया है।

Scanned with OKEN Scanner

**निर्णयः**— अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, महराजगंज द्वारा 33 ग्राम पंचायतों के 43 राजस्व ग्रामों की कुल 130 बस्तियों को पाइप पेयजल योजना से आच्छादित करने हेतु प्रस्तुत किये गये 26 नग डी0पी0आर0 की तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृति सक्षम स्तर से करने हेतु अनुमोदन पर समिति द्वारा सहमति व्यक्त की गयी एवं शेष डी0पी0आर0 शीघ्र प्रस्तुत कराये जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही फर्म मैं0 जे.एम.सी.प्रोजेक्टस को कार्य की प्रगति बढ़ाये जाने के निर्देश दिये गये है। साथ ही फर्म मैं0 रिथविक कोया (जे.वी.) प्लाट नं0— 37-39 नवोदया कालोनी, रोड नं0—2, बंजारा हिल हैदराबाद, तेलंगाना को 651 ग्रामों की सूची का अनुमोदन प्रदान करते हुये कार्य अतिशीघ्र प्रारम्भ करने के निर्देश दिये गये।

उक्त के अतिरिक्त निर्देश दिये गये कि भविष्य में विरचित किये जा रहे डी0पी0आर0 की एक प्रति सम्बन्धित ग्राम पंचायत (ग्राम प्रधान/सचिव) को उपलब्ध कराते हुये इस विषय का प्रमाण पत्र लिया जाये कि ग्राम में कोई भी क्षेत्र पेयजल की सुविधा से वंचित ना रहे तथा वितरण प्रणाली के कार्य होने के उपरान्त रोड के पुर्नस्थापना का कार्य अतिशीघ्र कराया जाये। एवं जनपद के 13 परफारमेंस ग्राण्ट के ग्रामों में सी0सी0 रोड निर्माण से पूर्व पाइप लाइन बिछाये जाने का कार्य प्राथमिकता से कराते हुये पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें व जनपद में महराजगंज पहल कार्यक्रम में ISA की उपस्थिति सुनिश्चित कराते हुये ग्रामवासियों को जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो का प्रचार—प्रसार करते हुये योजनाओं के सफल संचालन हेतु प्लम्बर, फिटर, राजमिस्त्री आदि का चयन करना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
महराजगंज

जिला विकास अधिकारी
महराजगंज

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
महराजगंज

जिला कृषि अधिकारी
महराजगंज

जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी
महराजगंज

अधिशासी अभियन्ता (सिचाई)
महराजगंज

अधिशासी अभियन्ता
भूगर्भ जल विभाग
गोरखपुर

मुख्य चिकित्साधिकारी
महराजगंज

परियोजना निदेशक
जिला ग्राम्य विकास अभिकरण
महराजगंज

प्रभागीय वनाधिकारी
महराजगंज

मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष DWSM
महराजगंज

जिलाधिकारी/अध्यक्ष DWSM
महराजगंज

Scanned with OKEN Scanner